दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

वर्ष :- 03 अंक :- 138 मुरादाबाद, 07 September 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### बेसिक शिक्षा परिषद: एक से दूसरे जिले में तबादला पाने वाले का स्कूल आवंटन आदेश जारी, कब तक चलेगी प्रक्रिया?


बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में एक से दूसरे जिले में तबादला पाने वाले शिक्षकों के लिए स्कूलों के आवंटन का आदेश जारी कर दिया गया है। यह प्रक्रिया 16 सितंबर तक पूरी हो जाएगी।बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में एक जिले से दूसरे जिले में तबादला पाने वाले शिक्षकों के लिए स्कूलों के आवंटन संबंधी आदेश जारी कर दिया गया है। यह प्रक्रिया 16 सितंबर तक पूरी हो जाएगी। इस संबंध में बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव ने सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों के लिए आदेश जारी कर दिया है।

### विपक्ष को गलतफहमी, 1949 में कांग्रेस भी कर चुकी है ये काम; INDIA बनाम भारत नाम विवाद पर राजभर की टिप्पणी

इंडिया और भारत नाम को लेकर राजनीतिक दलों में घमासान जारी है। पक्ष और विपक्ष लगातार एक-दूसरे पर हमलावर हैं। इस बीच सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी और द्ध.ह्र.ष्ठ.द्ध.. गठबंधन पर तीखा हमला बोला। ओमप्रकाश राजभर ने कहा- विपक्ष को खुद नहीं पता है कि 1949 में कांग्रेस पार्टी भारत नाम रखने का प्रस्ताव सदन में लाई थी।राजभर बोले- कांग्रेस खुद लाई था भारत नाम रखने का प्रस्ताव गठबंधन का नाम रखने के बाद भाजपा ऐसा कर रही है तो वह उनकी गलतफहमी- राजभर मायावती का सरकार पर तंज, जरूरी मुद्दों को किया जा रहा नजरअंदाजइंडिया और भारत नाम को लेकर राजनीतिक दलों में घमासान जारी है। पक्ष और विपक्ष लगातार एक-दूसरे पर हमलावर हैं। बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस करके एनडीए और विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला बोला।

# PM ने मंत्रियों को दी जी-20 इंडिया एप डाउनलोड करने की सलाह, भारत मंडपम में लगेगी नटराज की मूर्ति

पीएम मोदी ने नई दिल्ली में महत्वपूर्ण जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले मंत्रिपरिषद की बैठक के साथ बातचीत की और इसी दौरान उन्होंने सभी मंत्रियों को जी-20 इंडिया एप डाउनलोड करने की सलाह दी। भारत की राजधानी दिल्ली में नौ और 10 सितंबर को जी-20 शिखर सम्मेलन होने वाला है। इसके लिए अधिकारी, मंत्री सभी बढ़-चढ़कर तैयारी कर रहे हैं। इस शिखर सम्मेलन से पहले विदेश मंत्रालय ने जी20 इंडिया नामक मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सभी मंत्रियों को यह एप डाउनलोड करने की सलाह दी। दूसरी तरफ, आयोजन स्थल पर अष्टधातु से बनी नटराज की मूर्ति भी लगाई जाएगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में सलाह- जी20 इंडिया एप के जरिए मंत्रियों को विदेशी प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने में मदद मिलेगी। दरअसल, पीएम मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली में महत्वपूर्ण जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले मंत्रिपरिषद की बैठक के साथ बातचीत की और इसी दौरान उन्होंने सभी मंत्रियों को एप डाउनलोड करने की सलाह दी।



### इस एप से मिलेगी मदद?

जी-20 इंडिया एप के जरिए उपयोगकर्ता को जी-20 से संबंधित सभी जानकारियां हासिल होगी। इसमें शिखर सम्मेलन से संबंधित एक कैलेंडर, मीडिया और जी-20 के बारे में पूरी जानकारी होगी। बता दें कि यह एप भारत की जी-20 अध्यक्षता तक काम करेगा।

### हजारों लोग कर चुके डाउनलोड

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार तक वैश्विक स्तर पर 15000 से अधिक लोग एप डाउनलोड कर चुके हैं। यह एप सभी जी-20 देशों की भाषाओं में विदेशी प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने में मदद करेगा।

### यह हैं सुविधाएं

मोबाइल में नेविगेशन की सुविधा है, जो विदेशी प्रतिनिधियों को एक स्थान से दूसरे स्थान और भारत मंडपम तक जाने में मदद करेगी। वहीं, जी-20 इंडिया एप के जरिए भारतीय मंत्री विदेशी प्रतिनिधियों के साथ भाषा के साथ-साथ संचार बाधाओं को भी दूर किया जा सकता है। जी-20 इंडिया मोबाइल एप में ऐसी सेवाएं उपलब्ध हैं, जिसे लोग 24 भाषाओं में एक्सेस कर सकते हैं

### भारत पूरी तरह से तैयार

शिखर सम्मेलन नई दिल्ली के प्रगति मैदान में अत्याधुनिक भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में होने वाला है। गौरतलब है कि भारत ने पिछले साल 1 दिसंबर को जी-20 की अध्यक्षता संभाली थी और देश भर के 60 शहरों में जी-20 से संबंधित लगभग 200 बैठकें आयोजित की गईं थीं।

### भारत की सदियों पुरानी परंपराओं का प्रमाण

भारत के मंडपम में 27 फीट की नटराज की मूर्ती लगाई गई है। इसपर प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा कि आयोजन स्थल पर नटराज की मूर्ति भारत की सदियों पुरानी कलात्मकता और परंपराओं के प्रतीक के रूप में मौजूद होगी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने हाल ही में सोशल मीडिया पर कहा था कि 27 फीट की यह प्रतिमा अष्टधातु से बनी सबसे ऊंची मूर्ति है। 19 टन वजनी मूर्ति को तमिलनाडु के स्वामी मलाई के प्रसिद्ध मूर्तिकार राधाकृष्णन स्टापथी और उनकी टीम ने सात महीने में तैयार किया है। उसने आगे कहा कि राधाकृष्णन की 34 पीढ़ियां चोल साम्राज्य काल से ही मूर्तियां बना रही हैं। ब्रह्मांडीय ऊर्जा, रचनात्मकता और शक्ति का एक महत्वपूर्ण प्रतीक नटराज की यह मूर्ति जी20 शिखर सम्मेलन में एक आकर्षण बनने जा रही है। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत मंडपम में भव्य नटराज प्रतिमा हमारे समृद्ध इतिहास और संस्कृति के पहलुओं को जीवंत करती है। जैसे ही दुनिया जी20 शिखर सम्मेलन के लिए इकट्ठा होगी, यह भारत की सदियों पुरानी कलात्मकता और परंपराओं के प्रमाण के रूप में खड़ी होगी।

# इलाहाबाद हाई कोर्ट की टिप्पणी- बालिग जोड़े को अपनी मर्जी से साथ रहने का अधिकार- भले ही उनका जाति धर्म अलग हो

कोर्ट ने कहा कि बालिग जोड़े को अपनी पसंद से साथ रहने व शादी करने की पूरी स्वतंत्रता है। उसके इन अधिकारों में हस्तक्षेप अनुच्छेद-19 व 21 का उल्लंघन होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह ने गौतमबुद्धनगर की रजिया व अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याची का कहना था कि दोनों बालिग हैं। अपनी मर्जी से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि बालिग जोड़े को अपनी पसंद से साथ रहने व शादी करने की पूरी स्वतंत्रता कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों के हवाले से कहा कि किसी भी बालिग जोड़े को अपनी मर्जी से साथ



रहने का अधिकार कोर्ट ने कहा बालिग जोड़े के लिव इन रिलेशनशिप में रहने पर यदि कोई परेशान करता है या धमकाता है तो उसके अर्जी देने पर पुलिस कमिश्नर संरक्षण प्रदान करेंइलाहाबाद हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि बालिग जोड़े को साथ रहने की स्वतंत्रता है। माता-पिता सहित किसी को उनके शांतिपूर्ण जीवन में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। भले ही वे अलग जाति या धर्म के हों। कोर्ट ने कहा बालिग जोड़े के लिव इन रिलेशनशिप में रहने पर यदि कोई परेशान करता है या धमकाता है तो उसके अर्जी देने पर पुलिस कमिश्नर संरक्षण प्रदान करें।कोर्ट ने कहा कि बालिग जोड़े को अपनी पसंद से साथ रहने व शादी करने की पूरी स्वतंत्रता है। उसके इन अधिकारों में हस्तक्षेप अनुच्छेद-19 व 21 का उल्लंघन होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह ने गौतमबुद्धनगर की रजिया व अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याची का कहना था कि दोनों बालिग हैं। अपनी मर्जी से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। भविष्य में शादी करना चाहते हैं। परंतु उनके माता-पिता व परिवार के लोग इससे नाखुश हैं। वह हमें धमका रहे हैं। आशंका है कि उसकी आनर किलिंग की जा सकती है। अपनी सुरक्षा के लिए चार अगस्त 2023 को पुलिस कमिश्नर को शिकायत कर संरक्षण मांगा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे उन्होंने हाई कोर्ट की शरण ली है। याचियों के खिलाफ अभी तक कोई एफआइआर दर्ज नहीं है। अपर शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि दोनों अलग धर्म के हैं। मुस्लिम कानून में यह दंडनीय गुनाह है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों के हवाले से कहा कि किसी भी बालिग जोड़े को अपनी मर्जी से साथ रहने का अधिकार है। भले ही उनका जाति धर्म अलग हो। यदि उन्हें कोई परेशान या हिंसा करता है तो उसके खिलाफ पुलिस उसपर कार्रवाई करे।

# भारत बनाम इंडिया पर विवाद: मायावती बोलीं, देश के नाम पर बने संगठनों पर रोक लगाए सुप्रीम कोर्ट

बसपा सुप्रीमो मायावती ने बुधवार को देश का नाम इंडिया को लेकर चल रहे विवाद पर बयान दिया है। उन्होंन कहा कि यह सत्ता पक्ष व विपक्ष की मिलीभगत है।बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि अब भारत बनाम इंडिया के मामले पर पक्ष और विपक्ष दोनों ही घिनौनी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को देश का नाम बदलने की स्थिति से पहले करना यह चाहिए था कि जब विपक्ष ने अपने संगठन का नाम इंडिया रखा था तभी उसे पर रोक लगनी चाहिए थी। इसके विरोध में सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए था या फिर कानून लाकर इस पर प्रतिबंध लगाना चाहिए था। अब दोनों ही इस पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के नाम पर इस तरह की राजनीति बिल्कुल ठीक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट को इसका संज्ञान लेना




चाहिए और इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। कोई भी गठबंधन देश के नाम पर अपना नाम न रखें। इससे देश की छवि प्रभावित होती है।उन्होंने कहा कि संविधान से छेड़छाड़ ठीक नहीं। यह जो भी कुछ हो रहा है वह सत्ता और विपक्ष जानबूझकर कर रहे हैं।बता दें कि केंद्र सरकार ने देश के नाम इंडिया की जगह भारत को प्रचलन में लाने की शुरुआत कर दी है। इसे लोकसभा चुनाव 2024 के लिए विपक्षी गठबंधन के नाम इंडिया से भी जोड़कर देखा जा रहा है। कांग्रेस का कहना है कि मोदी सरकार विपक्षी गठबंधन से इतना डर गई है कि अब देश का ही नाम बदल देना चाहती है। जबकि संविधान के पहले ही अनुच्छेद में लिखा है कि इंडिया दैट इज भारत...। कयास लगाए जा रहे थे कि मायावती विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल हो सकती हैं पर उन्होंने अभी तक इससे खुद को दूर रखा है और सभी विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव 2024 अकेले लड़ने का एलान किया है।

# लालू के अनुसार इंडिया और भारत अलग; राजद अध्यक्ष ने क्या कहा, नए विवाद में पुराना वीडियो वायरल

प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखे जाने के साथ भाजपा-विरोधी दलों ने इंडिया-भारत का मुद्दा ऐसा गरमा दिया है कि सोशल मीडिया पर महासंग्राम छिड़ा है। इस महासंग्राम में राजद अध्यक्ष लालू यादव का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वह दोनों में अंतर बता रहे हैं। प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखे जाने के बाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्ल्युसिव एलायंस (I.N.D.I. Alliance) ने जब इंडिया-भारत विवाद को हवा दी तो पूरे देश में सोशल मीडिया पर तरह-तरह की बातें आने लगीं। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपने गठबंधन का नाम इंडिया कर लिया है, इसलिए भारतीय जनता पार्टी (BJP) को अब इस नाम से ही चिढ़ हो रही है। भाजपा-विरोधी इस गठबंधन के नेताओं ने बिहार से पश्चिम बंगाल तक और मुंबई से दिल्ली तक एक स्वर में कहा कि इंडिया और भारत एक हैं। सोशल मीडिया पर इसी बहस के क्रम में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, देश के पूर्व रेल मंत्री और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में लालू कह रहे हैं कि इंडिया और भारत अलग-अलग हैं। उन्होंने




दिल्ली को इंडिया और पटना को भारत कहा। वह वीडियो एक इंटरव्यू के दौरान का है और काफी पुराना है।जानिए किस बात पर किस अंदाज में बोले- भारत और इंडिया को लेकर ताजा विवाद के दरम्यान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा लालू का बयान काफी पुराना है। उस जमाने में यह वीडियो कैमरे से रिकॉर्ड किया गया था। इस वीडियो में लालू यादव दातून कर रहे हैं। वीडियो उस समय पटना के लालू आवास का है। जब उनसे पूछा गया कि दातून से ही हमेशा दांतों की सफाई करते हैं

या ब्रश का भी इस्तेमाल कभी करते हैं। लालू बताते हैं कि दिल्ली जाने पर ब्रश करना पड़ता है, क्योंकि वहां दातून नहीं मिल पाता है। उन्होंने आगे खुद बताया- दिल्ली तो इंडिया है न! वहां नहीं मिलता है। इ (पटना) भारत है। भारत में (दातून) मिल जाता है। इंडिया में नहीं मिलता है।फिलहाल, जदयू-राजद का क्या है मानना- लालू प्रसाद अपने पुराने वीडियो में भले ही इंडिया और भारत को अलग बता रहे और दोनों की परिभाषा बताते हुए विदेशी और देसी संस्कृति की बात कर रहे हों, लेकिन ताजा विवाद में उनकी पार्टी राजद और महागठबंधन सरकार में मुख्यमंत्री देने वाली पार्टी जदयू ने कमान संभाल रखी है दोनों को एक बताने की। दोनों दलों के नेता इंडिया और भारत को अलग बताने पर भाजपा को घेर रहे हैं। इन नेताओं के बयान लगातार आ रहे हैं।

## संपादकीय Editorial

### Tourism is not just a calling

The plans for tourism in Himachal have a happy understanding that we will attract five crore tourists in a year. It is not a charisma, it is a statistic and it is not impossible either, but tourism is not just an invitation, but demands a sense of satisfaction in the experience of the visitor. That is, we want to invite seven times more tourists than our population of 70 lakhs. Right now what have we achieved by reaching two to two and a half times the population of tourists. Just look at the condition of tourist spots at the end of a season or see how both sides of the tribal landscape shudder whenever ten thousand vehicles pass through the Atal Tunnel in a week. Have any idea how much pollution, how much transport pressure and how much waste a vehicle brings with it. Even if we open our arms for five crore tourists, what will be achieved in the capacity of the state. In this way, according to an estimate, the arrival of 1.25 to 1.5 lakh tourists every day has to be ensured. They need at least 50,000 rooms and 30,000 vehicles for their arrival every day to stay in the state. Obviously, this pressure will be on the basis of existing infrastructure, system and management of various civic facilities. Five crore tourists will depend on the same facilities for drinking water and electricity supply, which at present are capable of providing neither water nor electricity supply round the clock to 70 lakh Himachalis.

Tourism has a behavior and limit and in proportion to this, there is also a relation of the economy associated with it. The evaluation so far shows that eighty per cent of the tourists who come are connecting only for religious tourism. In the mean time it is also to be noted that there is a limited period of religious rituals, fairs and other activities in a year and that is why the procession of religious tourists in the month of Navratri or Sawan becomes a spectacle of all kinds of disorder. Here the difference between the conduct and behavior of a tourist and a religious traveler has to be understood. The devout traveler is taking a plunge into the langar trend below even with affordable amenities. He becomes a figure in the langar of some days like old vehicles, creeping two wheelers, a mob frenzy in defiance of traffic rules. To overcome this situation, VIP darshan started in Chintpurni adds a new tradition, but our religious places are not yet organized like the temples of South India. Governmentalization of the temple system has only become the center of departmental priorities. Here, in the cadre of the Revenue Department, the Art-Culture Department is hoisting its flag. It is also surprising that till date we have not been able to settle the displaced people of Himachal's big dam projects, but we are expecting that five crore people come here every year and settle in the tourist area. If five crore tourists come for one night, then different It is a matter, but if one crore tourists come with a program of five days, then the benefit from the same number will be five times. Our effort should be in tourist days and not in the number of tourists. Tomorrow, if eighty percent of the five crore tourists come on a religious pilgrimage, then four crore people will return only after performing bhajan-kirtan, but if one crore high-end tourists come and stay for a week, then the same capacity will affect the entire economy in seven crore tourist days. Capacity may change. First of all, we have to decide whether to make arrangement by increasing the number of tourists or to connect the state with such infrastructure where a small number of more capable tourists have to be stopped for more days. Not only this, in the present calculation of tourism also, we have to link the coordination of various departments, their priorities and methods of management with tourism. State's TCP, Police, Administration, Electricity and Jal Shakti etc.

# Sanatan and South India

An atmosphere of anger is being seen in the Hindu organizations of North India regarding the remarks made by the Youth Welfare Minister of the southern state of Tamil Nadu Mr. Udhayanidhi Stalin about Sanatana Dharma. An atmosphere of anger is being seen in the Hindu organizations of North India regarding the remarks made by the Youth Welfare Minister of the southern state of Tamil Nadu Mr. Udhayanidhi Stalin about Sanatana Dharma. Shri Udhayanidhi Stalin is also the General Secretary of the youth wing of Dravida Munnetra Kazhagam, the ruling party in Tamil Nadu. The history of this party has been against social inequality and casteism. The history of this party has been very praiseworthy for eliminating social disparity in the South. But this does not mean that the people of this party should make blasphemous comments about Sanatan Dharma. Udhayanidhi should disclose about this that the system of casteism in Sanatan Dharma and the system of worshiping Pandit is against it. Every person in the society is a human being first and then his caste or varna is marked. The question is not how ancient or how old is Sanatan Dharma, but what are its beliefs? If a book like Manusmriti is accepted in this religion, then it is not appropriate because in it, applying varna system among human beings, they are divided into castes and on the basis of birth caste, they are situated in the classes of Shudra and Brahmin. On the basis of this, their work behavior and method of taking education has also been explained. The Shudra was considered capable only of works of service to the society while the Brahmin was described as the storehouse of knowledge. This cannot be acceptable in any way in modern society. From Mahatma Gandhi to Dr. Bhimrao Ambedkar and South's Periyar opposed this system and advocating to give equal place to Brahmins in the society to the people called Shudra, saying that when a person is born Shudra by birth, he gets the knowledge. He becomes adorned by Brahmin deeds. No one is a Brahmin or a Shudra by birth. Every person is human by birth and human religion is supreme. Therefore, Uday Nidhi should have made this clear in his explanation. Social justice cannot mean exalting or demeaning any religion but can mean bringing to the surface the human qualities of all religions. There is no question of politics in this. The religious and social reforms that have taken place in India since the 19th century have had a special connection with the people following Hinduism. Be it North, South-East or West, social reformers and progressive thinkers were born in every region of India who tried to take the Hindu society forward. Be it Sahuji Maharaj or Mahatma Phule or Raja Rammohan Roy or Periyar or Swami Dayanand, all of them raised their voice against the evils and hypocrisy prevalent in the Hindu society and worked to take the society forward. In the 21st century, we have to think about how we can move forward in this direction and not turn back to the previous centuries by promoting dogmatism and hypocrisy. We should keep in mind that modern society cannot accept inequality or inequity in religion and we will call any religion which instructs to do so as beyond scientific. There is no reason to doubt the scientificity of Indians or their knowledge of science. Because in Sanatan Dharma, the first incarnation is said to be the incarnation of a fish in water and around 1850, when Darwin gave his hypothesis of the development of society, he said that man first evolved from animals born in water. When his learned courtier Alberuni came with Mohammad Ghori, who invaded India around 1200, he said that Indians' knowledge of science is very high, but they add superstition to it. History is there to learn some lessons, hence Hindu society should also look within itself and take care of its characteristics. Of course, some fundamentalist or Hinduist leaders of North India may see politics in the statement of Shri Uday Nidhi and may try to establish its connection with other political parties, but the reality is that the work of re-establishing Sanatan Dharma is the responsibility of the South only. Adi Shankaracharya did it in the eighth century. Adi Shankaracharya played an important role in re-establishing the Sanatana system of worship in India, which was overwhelmed by the growing influence of Buddhism. Politicians should not impose their views on each other by looking at North or South. We should examine religious topics with an open mind and scientific thinking, only then we can establish a modern society. This is what our sages and sages have done.

# Cost of elections or cheap elections

Leader of the Congress in the Lok Sabha Mr. Adhir Ranjan Chowdhary has refused to join the eight-member committee constituted under the leadership of former President Ram Nath Kovind on the issue of One Nation-One Election, saying that the context of the committee is such Congress leader in Lok Sabha Shri Adhir Ranjan Choudhary has refused to join the eight-member committee formed under the leadership of former President Ram Nath Kovind on the issue of country-one elections, saying that the context of the committee is such that first Its conclusion should be decided only from this. Mr. Chowdhary's saying means that this committee has already been formed to recommend 'one nation-one election'.

Of course one can disagree with this opinion of Mr. Chaudhary, but the basic question is, what kind of electoral reforms are we talking about? When Babasaheb Ambedkar, the architect of India's constitution, wrote the entire constitution, the speech he gave on November 25, 1949, is very important, in which the Election Commission, the custodian of India's election system, was described as the fourth pillar of Indian democracy.

In fact, the four pillars on which Baba Saheb built Indian democracy were the judiciary, the executive, the legislature and the Election Commission. Of these, two, the executive and the legislature, were part of the government and two, the Election Commission and the Judiciary, were not government organs but were independent and autonomous, taking power directly from the Constitution and carrying out their responsibilities.

For the first three decades after independence, the Election Commission The role of media was very transparent and fair in such a way that there was no possibility of discrimination by it in India's multi-party political system, hence socialist leader Dr. Ram Manohar Lohia started calling the free press (media) the fourth pillar of democracy.

And it gradually became established. Till 1969, hardly any controversy or news about the Election Commission made it to the headlines of the newspapers. This year, when the Congress party split for the first time, people came to know that some S.P. A person named Sen Verma is also the Chief Election Commissioner. The Election Commission behaved justly by giving its decision on the controversy of the Congress party and won the applause of the people. But in 1974, when the Delhi High Court, the Congress MP from the Delhi Sadar Lok Sabha seat, self.

The election of Amarnath Chawla was declared only because he had spent more than the amount fixed by the Election Commission in his election, Prime Minister Indira Gandhi amended the Representation of the People Act-1951 and made a provision that on the election of any candidate, if any of his friends or Whatever his party spends will not be included in its election expenditure, so elections in India have become increasingly costly and expensive and the election expenditure limit has no meaning.

Therefore, the main agenda of Jaiprakash Narayan's so-called Sampoorna Kranti Andolan, which started in 1974 itself, was that the government should take constitutional measures to make elections cheaper and the public should also get the right to recall the elected representatives.

Jai Prakash Narayan expressed the dire need for electoral reforms and called upon the public to raise their voice strongly for it. Bombay High Court appointed Chief Justice Shri V.M. A committee was formed under the chairmanship of Tarkunde, which also gave recommendations regarding the holding of elections partly with government expenditure. By the time these recommendations came, the Janata Party government, a panchmel party involved in the JP movement, had come to power under the leadership of Morarji Desai.

Putting the report of the Tarkunde Committee in the dustbin, this Government has written to former Chief Election Commissioner Shri S.L. An Election Reform Commission was formed under the leadership of Shakdhar. By the time its report came, Indira ji's government came again in the center in 1980 and the Shakdhar report met the same fate as the Tarkunde committee report. After this, the Congress government at the Center constituted the Goswami Committee on electoral reforms and implemented some of its recommendations, but no provision was made to stop elections from becoming increasingly costly and expensive. Where the real question remained that a candidate from municipality to assembly and Lok Sabha could spend money wildly on his election.

Due to which elections have become increasingly expensive because at the root of it, the law still exists that the personal expenses of a candidate will not be included in the expenses incurred by his friends and party. Therefore, this is the real problem which we have to solve, but if we have a headache, we are treating our feet and talking about one country, one election. Somewhere it was said that the elections should be held at the expense of the government and for this, a separate fund should be set up by the central government, so that even the poorest of the poor politically conscious person can stand in the election and represent the public properly.

Today we are only talking about reducing the government expenditure, while politics has been badly made the vessel of their grace by the money system and the wealthy Seths. How can making elections cheap be related to holding elections in the entire country only once, when a candidate s

pends crores of rupees in assembly elections and lakhs of rupees are spent in Gram Panchayat elections as well. There is no account of the expenditure in the Lok Sabha elections, it is now reaching above tens of crores of rupees. It is obvious that when the candidates who spend so much are in the fray, they will Or will we reach the Lok Sabha and serve the interests of those who provide access to money. So making elections cheap should be the main goal

# अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर हापुड़ में लाठीचार्ज का किया विरोध



मुरादाबाद- बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बुधवार को भी अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना, महासचिव अभय कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध जताया।

अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी की। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की। अधिवक्ताओं ने कचहरी और कलेक्ट्रेट परिसर में घूमकर विरोध जताया। कहा कि अधिवक्ताओं के मान सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं होगा। अधिवक्ता न्याय हित में काम करते हैं और उनकी सुरक्षा सरकार नहीं कर पा रही है। कहीं अधिवक्ताओं को गोली मारी जा रही है कहीं हमले हो रहे हैं। यह रुकना चाहिए। विरोध जताने वालों में आदेश श्रीवास्तव, सुरेश चंद्र गुप्ता, अमीरूल हसन जाफरी, आनंद मोहन गुप्ता, विनय कौशिक, प्रदीप सिन्हा, पारुल अग्रवाल, विनीत भटनागर, खलील अहमद, हरिशंकर आर्य, सीता सैनी, रमा पांडे, अलका शर्मा, ओमप्रकाश सिंह, कमल कौशल सिंह, मनीष प्रताप सिंह, संजीव राघव, रवि कुमार सिंह सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

## हड़ताल में काम करने वालों पर होगी कार्रवाई

वहीं दूसरी ओर हड़ताल के दौरान न्यायिक कार्य से विरत रहने के बाद भी जिन अधिवक्ताओं ने विभिन्न न्यायालयों में वकालतनामा लगाया है और निबंधन कार्यालय में रजिस्ट्री कराने का काम किया है उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। इसको लेकर दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें पदाधिकारियों ने उन अधिवक्ताओं के प्रति गहरी नाराजगी जताई जिन्होंने बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर हड़ताल के दिनों में भी न्यायालयों में वकालतनामा लगाकर कार्य किया है। एसोसिएशन के महासचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि हड़ताल के दौरान काम करने वाले अधिवक्ताओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई कर उन पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा।

# बेईज्जती का बदला लेने के लिए की थी गौरव की हत्या, झाड़ियों में डाला था शव



मुरादाबाद- एक सिंतबर को दंपति ने गला दबाकर मारा, ई-रिक्शा चालक समेत दो आरोपी गिरफ्तार, महिला फरार महानगर में लोकोशेड मोक्ष धाम के पास एक सितंबर को मिले शव की शिनाख्त हो गई है। इसकी पहचान गौरव पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी राजा की सीकरी थाना फैजगंज बेहटा जिला बदायूं के रूप में हुई है। पुलिस ने खुलासा किया है कि गौरव की हत्या हुई थी। इस मामले में पुलिस ने अमित कुमार उर्फ बाबी व सोनू उर्फ जयवीर को गिरफ्तार किया है। कटघर थाना क्षेत्र के गोविंदनगर-सी ब्लॉक शिव मंदिर के पास निवासी अभिषेक सिंह की तहरीर पर मझोला थाने में हत्या के आरोप में केस भी दर्ज हो गया है। अमित कुमार उर्फ बाबी संभल जिले के थाना बनियाठेर के मोहम्मदपुर बाबई गांव का निवासी है, वह इस समय मझोला थाना क्षेत्र में गायत्री नगर चक्की वाली गली में रह रहा था। उसका साथी सोनू उर्फ जयवीर कांठ थाने के गांव मिलक बेगमपुर का है। सोनू हनुमाननगर पुलिया के पास थाना मझोला में रह रहा था। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि शव मिलने पर उन्होंने अधिकारियों संग घटनास्थल का निरीक्षण किया था। उन्होंने सीओ सिविल लाइन ने नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया था। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर तीन आरोपियों के नाम प्रकाश में आए। इनमें अमित कुमार उर्फ बाबी व इसकी पत्नी कुसुम और सोनू उर्फ जयवीर हैं। अमित कुमार पत्नी संग गायत्री नगर में ही चक्की वाली गली में रह रहा था। सोनू उर्फ जयवीर करीब 28 वर्ष का है। दोनों के पास से पुलिस ने शव को छिपाने में प्रयुक्त ई-रिक्शा व अमित का मोबाइल फोन भी बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक मोहित कुमार चौधरी ने बताया कि विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर केस में आइपीसी की धारा 34/201 की वृद्धि की गई है। उधर, प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कि आरोपी अमित के खिलाफ 2019 में भी चोरी के इरादे से महिला को पीटने के आरोप में मझोला थाने में केस दर्ज है। ई-रिक्शा चालक सोनू पर भी मारपीट के आरोप में 2018 में केस दर्ज हुआ था।

## शराब पीने के दौरान हुआ था विवाद

आरोपी अमित व सोनू ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि गौरव व अमित दोनों मित्र थे। इन दोनों का एक दूसरे के घर आना-जाना था। कुछ समय पहले गौरव के पुत्र का जन्मदिन था। इसमें अमित गौरव के घर गया था, जहां पर अमित ने अधिक शराब पीकर बदतमीजी की थी। इस कारण गौरव ने उसे घर से भगा दिया था।

उसी समय अमित ने गौरव से बेईज्जती का बदला लेने की ठान ली थी। 31 अगस्त को अमित ने गौरव को अपने घर बुलाया। उससे कहा कि अब तुम्हारी पत्नी मायके गई है। आज खूब शराब पीकर मजे करेंगे। दोनों ने शराब पी और जब गौरव को अधिक नशा हो गया तो अमित व पत्नी कुसुम ने गौरव की गला दबाकर हत्या कर दी। बाद में शव को ठिकाने लगाने को अमित व कुसुम ई-रिक्शा चालक सोनू उर्फ जयवीर से मिले। शव को सोनू के ई-रिक्शा से लोकोशेड मोक्ष धाम के पास झाड़ियों में डालकर तीनों फरार हो गए थे।

# प्रेम-प्रसंग के बीच गोद में गूंज उठी किलकारी, किसान यूनियन की महिला विंग ने दबोचा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुरादाबाद- दिल्ली में स्टील फैक्ट्री में काम करते वक्त हुई दोस्ती, चार साल तक पति-पत्नी की तरह रहे, बच्चे संग आरोपी के गांव पहुंची युवती, रेलवे स्टेशन से महिलाओं ने आरोपी को पकड़वाया दिल्ली की युवती से शादी का झांसा देकर उसके साथ धोखाधड़ी करने वाले खुर्शीद को किसान यूनियन की महिला विंग ने रेलवे स्टेशन से दबोचा है। आरोपी प्रेमी झांसा देने देकर पीड़िता को बिना विवाह के पत्नी तरह से रखा। युवती गर्भवती हुई और उसने बच्चे को भी जन्म दिया। युवती के गोद में किलकारी गूंज उठी। बाद में आरोपी खुर्शीद ने उसे छोड़ दिया और अपनी रिश्तेदारी में ही अन्य युवती से निकाह कर लिया। उधर, किसान यूनियन की महिला नेता पीड़ित युवती को लेकर एसएसपी हेमराज मीना के पास उनके कार्यालय पहुंची थीं। एसएसपी ने पकड़े गए आरोपी खुर्शीद के विरुद्ध भोजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।एसएसपी कार्यालय से बाहर आई युवती की गोद में उसका बच्चा भी था। युवती ने बताया कि वह दिल्ली के वजीरपुर की रहने वाली है। वह दिल्ली में ही एक स्टील फैक्ट्री में काम करती है। इसी फैक्ट्री में भोजपुर थाना क्षेत्र का खुर्शीद भी काम करता था। काम के बीच में ही युवती की मुलाकात खुर्शीद से हुई थी। दोस्ती होने के बाद वह खुर्शीद के साथ ही रहने लगी। उसने उसे शादी कर लेने की बात करता था। इस तरह वह चार साल तक पति-पत्नी की तरह एक साथ रहे। कुछ समय बाद खुर्शीद अपने गांव चला आया और वह उसके लौटने का इंतजार करती रही। उम्मीद टूटने के बाद वह प्रेमी खुर्शीद का पता लगाते-लगाते उसके गांव पहुंच गई, जहां उसे मालूम हुआ कि खुर्शीद ने अपने मामा की बेटी से निकाह कर लिया है। पीड़िता किस्मत को कोसते हुए अपने दुधमुहे बच्चे संग लौट आई और मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर बैठी रो रही थी। वहीं, किसी महिला ने उसे देखा और उसके दर्द को जानकर किसान यूनियन की तहसील अध्यक्ष गीता पांडेय को फोन कर जानकारी दी। संगठन की जिलाध्यक्ष लक्ष्मी सैनी संग गीता पांडेय रेलवे स्टेशन पहुंचकर युवती से मिलीं, उससे पूरी बात पता किया। इसके बाद जाल बिछाकर खुर्शीद को रेलवे स्टेशन बुलाया और पुलिस को भी खबर कर उन्होंने बुला लिया।

खुर्शीद के आते ही महिलाओं ने उसे पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद वह महिला नेता पीड़ित युवती को लेकर दोपहर को एसएसपी कार्यालय पहुंची थीं। दो महीने पहले जन्मी थी बेटी- पीड़ित युवती ने बताया कि उसका प्रेमी दूसरे समुदाय से है। युवती कक्षा नौ तक पढ़ी भी है। वह करीब 15 दिन पहले मुरादाबाद आकर खुर्शीद से मिलने के लिए उसके गांव लालू की मिलक थाना भोजपुर गई थी। खुर्शीद ने देखते ही उसे घर से भगा दिया था। बाद में वह दिल्ली लौट गई थी। मंगलवार को वह फिर खुर्शीद से मिलने के चक्कर में आई थी और रेलवे स्टेशन पर बैठी थी। सुरीली बातों में फंसाकर खुर्शीद को पकड़वाया- किसान यूनियन की नेता गीता पांडेय ने बताया कि युवती बच्चे संग रेलवे स्टेशन पर सुबह करीब 10 बजे मिली थी। उन्होंने ही युवती से खुर्शीद का नंबर लेकर प्रेम के जाल में फंसाकर बुलाया था। गीता पांडेय ने बताया कि इस युवती के दो महीने की बेटी है। बताया कि युवती वर्तमान में भोजपुर थाने में पुलिस की सुरक्षा में है। बुधवार को उसका मेडिकल परीक्षण होगा और उसकी मां भी आ जाएगी। युवती के घर में उसके तीन छोटे भाई और माता-पिता हैं। पिता शराब का आदी है। युवती से पता चला है कि चार साल तक वह खुर्शीद के संग रही है। खुर्शीद ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए, उससे युवती ने एक बच्चे को जन्म भी दिया। आरोपी प्रेमी खुर्शीद को गिरफ्तार कर लिया गया है। - संदीप कुमार मीना, एसपी ग्रामीण

# पूर्व मंत्री का डॉक्टर बेटा हनीट्रैप में फंसा, मोबाइल से फोटो भेज 15 लाख मांगे, अब युवती पहुंची जेल

मुरादाबाद पुलिस ने पूर्व मंत्री हाजी अकबर हुसैन के डॉक्टर बेटे को कथित तौर पर हनीट्रैप में में फंसाने वाली युवती के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि जांच की जा रही है। पूर्व मंत्री हाजी अकबर हुसैन के बेटे डॉ. नईम अकबर को हनीट्रैप में फंसाकर 15 लाख रुपये की मांग करने वाली आरोपी युवती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया। कुंदरकी के जलालपुर खास गांव निवासी हाजी अकबर हुसैन बसपा सरकार में मंत्री रहे हैं। उनके बेटे डॉ. नईम अकबर ने करीब डेढ़ माह पहले कुंदरकी थाने में एक युवती, उसके पिता व बुआ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। डॉ. नईम ने बताया था कि वह एमबीबीएस करने के बाद विभिन्न अस्पतालों में कार्य कर चुका है और वर्तमान में श्रीसत्यसाईं मेडिकल कॉलेज अम्मापेटाई, चंगलपट, तमिलनाडु से एमएस की पढ़ाई कर रहा है। डॉ. नईम ने बताया कि पड़ोसी गांव निवासी एक युवती ने उसको प्रेमजाल में फंसाकर व्हाट्सअप पर अपने फोटो भेजने शुरू कर कर दिए थे। जब वह अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली में कार्य कर रहे थे तब युवती दिल्ली में उनसे मिली और अपने साथ घुमाने के लिए ले गई थी। इसके बाद युवती ने उससे रुपये मांगने शुरू कर दिए थे। जब पैसे देने से मना किया तो युवती शादी करने की बात कहने लगी। डॉक्टर का आरोप है कि 30 जून को युवती ने मोबाइल पर उससे 15 लाख की मांग की, जब रुपये देने से मना किया तो झूठे केस में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी थी। बाद में बातचीत के दौरान युवती के परिजनों ने भी अभद्र व्यवहार किया था। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि हनीट्रैप के मुकदमे में आरोपी युवती को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया है। मुकदमे में आईपीसी की धारा 386 बढ़ाई- पुलिस ने डॉ. नईम की तहरीर पर आरोपी युवती और उसके पिता व बुआ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमे के विवेचक एमएस मलिक ने बताया कि विवेचना के दौरान साक्ष्य के आधार पर मुकदमे में रंगदारी मंगाने की धारा ( 386 ) बढ़ाई गई है। यह धारा गैर जमानती है, जिसमें दोषी पाए जाने पर दस साल के कारावास एवं जुर्माने का प्रावधान है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढ़ता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करें
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# आगामी कजरी तीज मेला के दृष्टिगत विभूतिनाथ मन्दिर परिसर में बैठक सम्पन्न



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती,जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में विभूतिनाथ मन्दिर पर आगामी कजरी तीज मेला एवं कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि कजरी तीज मेला के समय श्रद्धालुओं द्वारा बाबा विभूतिनाथ के जलाभिषेक हेतु रजिया तालाब से जल लाया जाता हैं, श्रृद्धालुओं को जंगली जानवरों से सुरक्षा हेतु पुलिस विभाग और वन विभाग की टीम आपस में सामजंस्य बनाकर एवं स्थलीय निरीक्षण कर जहां उचित प्रतीत हो रजिया तालाब से लेकर मन्दिर तक वाच टावर की व्यवस्था कर मेले के दौरान चौबिसों घण्टे वन विभाग एवं सुरक्षा बलों की तैनाती कर सघन निगरानी भी सुनिश्चित की जाये। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि आगामी मेले को देखते हुए जिन मजिस्ट्रेटों/पुलिस के अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गई है, वे आपस में बैठक कर सभी व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित कर लें, ताकि मेले के दौरान कोई दिक्कत न होने पाये। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया है कि मेला क्षेत्र में अराजक तत्वों पर कडी निगरानी के लिए व्यापक मात्रा में सी0सी0टी0वी0 कैमरे की व्यवस्था की गई है तथा इसके साथ ही मेलार्थियों के भेष में पुरूष/महिला पुलिस भी तैनात है जो मेलार्थियों के बीच में ही रह कर अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी और यदि कोई भी व्यक्ति शान्ति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करता है तो तत्काल उन्हे गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही करेगी। उन्होने सभी पुलिस अधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियो को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में निरन्तर मेला समाप्ति तक भ्रमण कर शान्तिपूर्ण ढंग से मेला सम्पन्न करायेगें, ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न होने पावे।बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने किया। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बाबा विभूतिनाथ मन्दिर एवं जलाभिषेक के लिए जल लेने वाले कुण्ड तथा सम्पूर्ण मेला परिसर का भ्रमण कर जायजा भी लिया।

# गोआश्रय स्थलों में कराई जाए साफ-सफाई एवं दवा का छिड़काव-जिलाधिकारी




क्यूँ न लिखूँ सच
अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती- जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी गोवंश की मृत्यु न होने पाये, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। यदि किसी भी गोवंश की मृत्यु होती है तो उसे गहरे गड्ढे में दफनाया जाए। उन्होने सभी उपजिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि लम्पी वायरस से बचाव हेतु आम जनमानस को जागरूक किया जाए तथा कोई भी केस मिलने पर तुरंत उपचार किया जाए। टीकाकरण में भी किसी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाए। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में लम्पी स्किन डिजीज के बचाव हेतु सभी पशु चिकित्साधिकारियों को सचेत कर दिया गया है तथा क्षेत्र में प्रचार-प्रसार भी कराया जा रहा है। लम्पी स्किन डिजीज के लिए नोडल अधिकारी डॉ0 शिवेन्द्र मणि ओझा मो0 नं0-94503 35044 को नामित किया गया है। इसके अलावा जनपद स्तर पर कन्ट्रोलरूम की भी स्थापना की गई है। जिसका मोबाइल नम्बर-70079 58184 है। लम्पी स्किन डिजीज के निदान एवं इलाज हेतु जनपद में पशु चिकित्साधिकारियों की विकास खण्डवार टीम गठित कर ली गई है। इसके रोकथाम हेतु वैक्सीनेशन कराया जा रहा है। अतिरिक्त वैक्सीन की माँग हेतु निदेशालय को पत्र प्रेषित किया गया है। प्रत्येक गौशाला अस्थायी/स्थायी/कांजी हाउस/कान्हा उपवन में सभी गोपालकों को लम्पी स्किन डिजीज लक्षण के बारे में बता दिया गया है। यदि किसी पशु में बीमारी के लक्षण दिखायी दे तो तत्काल सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी को सूचित करेंगे।

# चोरों ने अलग अलग स्थानों पर साफ किया अपना हाथ



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती- श्रावस्ती जनपद के थाना हरदत्त नगर गिरंट में पहले हुई चोरी का पर्दाफाश नहीं हो पाया था कि चोरों ने ग्राम पंचायत देवरनिया के लम्बुइया चौराहा पर दवा खाना में पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर रक्खे सोलर पैनल के साथ बैटरा एवं पंखा,कुर्सी व कुछ दवाएं लेकर फरार हो गए सुबह जब डाक्टर इरफान अपने दवाखाने पर पहुंचे और शटर उठाया तो देखा सब गायब है।

उधर छेदी पुरवा गांव के जमालुद्दीन खां अपने खेत पानी का मोटर चला रहे थे और घर जाकर सो गए चोरों उनका स्टोपलाइजर और पाइप लेकर फरार हो गए।यही नहीं बगल के गांव सुबरातीपुरवा में नज़ीर खां बरामदे में के बाहर खड़ी मोटर साइकिल साइन उठा ले गए

जब सुबह हुई देखा मोटरसाइकिल गायब दवाखाना के डाक्टर इरफान तथा नज़ीर खां चोरी की सूचना गिरंट पुलिस को देते हुए चोरी का पर्दाफाश करने की मांग पुलिस से की है। गौरतलब हो कि इससे पहले भी इमलियाकरपुर के कटवा गांव व सुबरातीपुरवा के साथ ही ग्राम पंचायत बेगमपुर के छेदा गांव में चोरों ने अंजाम दिया है किन्तु पुलिस के हाथ आज भी चोरों तक नहीं पहुंच पाए हैं।

# जी-20 में अध्यक्षता के जरिए भारत ने प्रदर्शित की ग्लोबल नेतृत्व की क्षमता- शरद कांत शर्मा



क्यूँ न लिखूँ सच

